Seventeenth Loksabha

an>

Title: The Speaker made references to the passing away of Shri Nandi Yellaiah member of 6th, 7th, 9th, 10th, 11th and 16th Lok Sabha; Shri Vijay Annaji Mude, member of 11th Lok Sabha; Shri Ramdeo Rai, member of 8th Lok Sabha and Smt.Roza Vidyadhar Deshpande, member of 5th Lok Sabha.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को हमारे चार पूर्व साथियों श्री नन्दी एल्लैया, श्री विजय अण्णाजी मुडे, श्री रामदेव राय तथा श्रीमती रोजा विद्याधर देशपांडे के दु:खद निधन की सूचना देनी है।

श्री नन्दी एल्लैया तेलंगाना के नगरकुरनूल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 16वीं लोक सभा के सदस्य थे तथा वे अविभाजित आंध्र प्रदेश के सिद्दीपेट निर्वाचन क्षेत्र से छठी, सातवीं, नौवीं, दसवीं और ग्यारहवीं लोक सभा के भी सदस्य रहे। श्री नन्दी एल्लैया दो कार्यकाल के लिए राज्य सभा के भी सदस्य थे तथा एक कार्यकाल के लिए आंध्र प्रदेश विधान परिषद के भी सदस्य रहे। योग्य सांसद श्री नन्दी एल्लैया राजभाषा, रक्षा, अधीनस्थ विधान तथा खाद्य, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति के सदस्य थे। श्री नन्दी एल्लैया का निधन 8 अगस्त, 2020 को हैदराबाद में 78 वर्ष की आयु में हुआ।

श्री विजय अण्णाजी मुडे महाराष्ट्र के वर्धा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 11वीं लोक सभा के सदस्य रहे। वे विदेशी मामलों संबंधी संसदीय समिति के सदस्य भी थे। इससे पूर्व श्री विजय अण्णाजी मुडे वर्ष 1990 से 1996 तक महाराष्ट्र विधान परिषद के भी सदस्य थे। श्री विजय अण्णाजी मुडे का निधन 15 अगस्त, 2020 को महाराष्ट्र के वर्धा में 76 वर्ष की आयु में हुआ।

श्री रामदेव राय बिहार के समस्तीपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 8वीं लोक सभा के सदस्य थे। बिहार विधान सभा के वर्तमान सदस्य श्री रामदेव राय छ: कार्यकाल के लिए बिहार विधान सभा के सदस्य रहे। वे बिहार सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में राज्य मंत्री भी रहे। श्री रामदेव राय का निधन 29 अगस्त, 2020 को बिहार के पटना में 77 वर्ष की आयु में हुआ।

श्रीमती रोजा विद्याधर देशपांडे महाराष्ट्र के तत्कालीन बम्बई सैंट्रल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पांचवीं लोक सभा की सदस्य थीं।

श्रीमती रोजा विद्याधर देशपांडे का निधन 19 सितम्बर, 2020 को मुम्बई महाराष्ट्र में 90 वर्ष की आयु में हुआ।

हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हैं तथा यह सभा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है।

अब सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर मौन खड़ी रहेगी।

(The Members then stood in silence for a short while.)

माननीय अध्यक्ष: ऊँ शान्ति: शान्ति: शान्ति:॥।